प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

04.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

## विधायक बैठक

प्रदेश के वर्ष 2025–2026 के वार्षिक बजट में विधायक प्राथमिकताओं के निर्धारण के लिए दो दिवसीय बैठकें शिमला में जारी है। ये बैठकें मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हो रही हैं। आज दूसरे दिन शिमला, मंडी, ऊना, हमीरपुर और सिरमौर ज़िले के विधायकों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। प्रदेश सरकार द्वारा वित्त वर्ष 2024–2025 के दौरान नाबार्ड से 903 करोड़ 21 लाख रुपये की एक सौ 27 परियोजनाएं स्वीकृत करवाई जा चुकी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल शिमला में वार्षिक बजट 2025–2026 के लिए कांगड़ा, कुल्लू और किन्नौर ज़िलों के विधायकों की प्राथमिकता बैठक की अध्यक्षता करते हुए ये बात कही। दूसरे सत्र के दौरान सोलन, चंबा, बिलासपुर और लाहौल स्पीति जिलों के विधायकों ने भी अपनी प्राथमिकताएं प्रस्तुत कीं।

## जयराम ठाकुर

इस बीच भाजपा विधायक दल ने विधायक प्राथमिकता की बैठकों का बहिष्कार किया है। विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पहले अपने दो साल के कार्यकाल का ब्यौरा दें। उन्होंने अधिकारियों पर झूठे आंकड़े प्रस्तुत करने का भी आरोप लगाया।

## अश्विनी वैष्णव

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि केंद्र सरकार ने वित वर्ष 2025– 26 में रेलवे के लिए 2 सौ 52 हजार करोड़ का बजट रखा है जिसमें हिमाचल के लिए 2 हजार 7 सौ 16 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के चार स्टेशनों को अमृत स्टेशन अभियान के तहत अमृत स्टेशन बनाया जाएगा। अश्वनी वैष्णव ने बताया कि इस वित वर्ष में पूरे देश में 2 सौ 30 स्टेशनों को अमृत स्टेशन बनाया जाएगा और एक सौ 16 हजार करोड़ रेलवे सुरक्षा के लिए खर्च किए जाएंगे।

## धरना प्रदर्शन

हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय घंडल से निकाले गए दैनिक भोगी कर्मचारियों ने सीटू के बैनर तले एक बार फिर उपायुक्त कार्यालय शिमला के बाहर धरना प्रदर्शन किया। इनका आरोप है कि कर्मचारियों को गैरकानूनी तरीके से बगैर नोटिस के निकाला गया है।

सीटू जिला शिमला के अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने कहा कि इस विश्वविद्यालय में 64 कर्मियों को नौकरी से बाहर निकाला गया है। सीटू ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी नौकरी को बहाल नहीं किया जाता है तो पूरे प्रदेश में आंदोलन किया जाएगा।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर भागों में आज बादल छाए हुए हैं। हालांकि जनजातीय जिला किन्नौर की ऊंची चोटियों पर सुबह से ही हल्की बर्फबारी हो रही है। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान प्रदेश की ऊंची चोटियों पर हिमपात जबकि कहीं–कहीं वर्षा की संभावना के साथ शीतलहर चलने और मैदानी इलाकों में घने कोहरे की भी चेतावनी दी है।

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

अमर उजाला मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है पर्यटन से जुड़ेंगे चाय बागान, डीपीआर में कोताही पर नपेंगे अफसर।

दैनिक जागरण की एक खबर है रेलवे विस्तार के लिए हिमाचल को मिले 2 हजार 7 सौ 16 करोड़ रूपए। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं भानुपल्ली–लेह रेललाई से बाहर कर दिया मंडी शहर।

मौसम पर हिमाचल दस्तक की सुर्खी है जनवरी के बाद फरवरी में भी कम बरसेंगे बादल।